ITALICA®

PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED
(An ISO 9001 : 2015 Certified Company)
CIN : L25207RJ1992PLC006576
+91-96 499 71111
0294-2432272
info@italica.com

28 May, 2026

| | |
|---|---|
| **The Manager-Listing Department**<br>National Stock Exchange of India Limited,<br>'Exchange Plaza', C-1, Block –G<br>Bandra Kurla Complex, Bandra –East<br>Mumbai–400051 | **Listing Department**<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>25th Floor, Dalal Street<br>Mumbai- 400001 |

**Name of Company : PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**
Sub : Disclosure under Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015
Ref : Scrip Code No.: PILITA/ 500327

Dear Sir / Madam,

In terms of Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 find enclosed the newspaper extract of the Notice of AGM and E-voting information of Pil Italica Lifestyle Limited as published in Free Press Journal (English Daily) and Navshakti (Marathi) and Jai Rajasthan (Hindi) on 28.05.2026.

The same is available on the website of the Company i.e. www.italica.com

Kindly take the above on your records.

Thanking you,
Yours faithfully,
**For PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**

Narendra Bhanawat
Digitally signed by Narendra Bhanawat
Date: 2026.05.28 14:29:28 +05'30'

Narendra Bhanawat
(Whole Time Director)
DIN : 00146824

## सम्पादकीय

जय राजस्थान

दिनांक 28 मई 2026 वार-गुरूवार

# जनजातीय धर्मभक्ति की ज्वाला से बढ़ा दिल्ली का तापमान

प्रसिद्द जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं। भगवान राम के लिए हमने रावण का हनन किया था और उस को परास्त किया था। लाल किले के प्राचीर से भारत वर्ष के कोने कोने से आये लाखों जनजातीय समाज के लोगों ने अपने धर्म, संस्कृति की रक्षा, हेतु जो हुंकार भरी उसकी अनुगूंज वर्षों वर्षों तक कायम रहेगी। सर्वाधिक मंत्रमुग्ध करने वाला प्रभावशाली विचारोत्तेजक सम्बोधन था भारत के गृहमंत्री अमित शाह का जिन्होंने निर्भीक स्पष्टता से भारतीय जनजातीय समाज की धर्मरक्षा, संस्कृतिरक्षा की बात की। वह अभूतपूर्व और असाधारण बात थी और उन्होंने लाखों जनजातीय बंधुओं-बहनों को एक प्रकार से रोमांचित कर दिया। उनके यह शब्द वर्षों तक याद किए जाएंगे कि भगवान बिरसा मुंडा को तो मैंने नहीं देखा लेकिन आज जो यहाँ जनजातीय समाज का सागर उमड़ पड़ा है मैं उन में बिरसा मुंडा के दर्शन कर रहा हूँ और यह जनजातीय सांस्कृतिक समागम बिरसा मुंडा के उलगुलान (परिवर्तन हेतु जन क्रांति) के बाद का पहला समागम है। भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी भी कोई धर्मरक्षा संस्कृतिरक्षा का समागम नहीं हुआ।

इन शब्दों ने जो साहस दिया, जनजातियों का जो मनोबल बढ़ाया उसकी कोई तुलना नहीं है। यह समागम एक प्रकार से जनजातीय वहाँ महा कुंभ था जिसमें सात सौ से अधिक जनजातियों के लोग आए जो जैसलमेर से लेकर लद्दाख, तवांग अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, त्रिपुरा से लेकर अंडमान निकोबार, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल झारखंड से, छत्तीसगढ़- सब जगह से।

ऐसा देश ने कभी देखा नहीं और दिल्ली के सद्भावी नागरिकों ने अपने घर के दरवाजे खोल दिए और हर घर में इन जनजातीय भाई-बहनों को रुकवाया गया। उनकी सेवा की, उनको भोजन, पानी दिया उनको स्टेशन से लाए और छोड़ने गए। ऐसा दिल्ली ने कभी दृश्य देखा नहीं। दिल्ली का हृदय कितना बड़ा है वह इस समागम के आतिथ्य से पता चला। दिल्ली के राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं ने इस जनजातीय बंधू बहनों का इतना सुंदर सत्कार किया कि उसको व्यक्त करना संभव नहीं है।

जो भी जनजातीय समाज छोड़कर ईसाई बनता है, कन्वर्टेड होता है उसको जनजातीय समाज की सूची यानी शेड्यूल ट्राइब सूची से बहार निकल कर मूल जनजातियों को बचाइए क्योंकि धर्मान्तरण करने वाला जनजातीय रह ही नहीं जाता है। जनजाति समाज के वरिष्ठ इंजीनीयर, पद्मश्री से अलंकृत अरुणाचल के प्रसिद्द वैचारिक अग्रणी तिची गुबिन ने कहा कि वहाँ अरुणाचल क्रिस्चियन फोरम है। उसके नेताओं ने खुले आम सोशल मीडिया पर धमकी दी है कि वे पूरे अरुणाचल को ईसाई लैंड बनाएंगे, क्रिस्चियन लैंड बनाएंगे। गुबिन ने मांग की है कि हमारे धर्म की रक्षा की जाए और जो भी हमारे समाज को छोड़कर ईसाई होता है उसको शिड्यूल ट्राइब की लिस्ट से डीलिस्ट किया जाए।

प्रसिद्द जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं।

**PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED**

CIN: L25207RJ1992PLC006576

Works & Regd. Office: Kodiyat Road, Village:Sisarma, Udaipur (Raj.)-313031

Phone: 9314411101 Website: www.italica.com Email: investor@italica.com

**NOTICE OF ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the Thirty Fourth(34th)Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on Friday, 19th June, 2026 at 11.00A.M.(IST)through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM) and also physically at the Registered Office-Kodiyat Road, Village Sisarma, Udaipur – 313031 on the above mentioned date and time, to transact thebusiness as set out in the Notice convening AGM. In compliance with the General Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs,Circular No.14/2020 dated 08 April 2020 and 22 September 2025and SEBI Circular dated May 12, 2020 and related circulars (collectively referred as "Circulars"),the Company has sent Annual Report along with the Notice convening AGM for the financial year 2025-26 on Tuesday26th May, 2026, through electronic mode to the Members whose email IDs are registered with the Company and/ or Depositories. The copy of Annual Report with AGM Notice is available on the Company's website (www.italica.com), website of stock exchanges (www.nseindia.com, www.bseindia.com) and on website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) (www.evotingindia.com. Notice is also hereby given that pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013("Act") and the applicable rules framed thereunder, the Register of Members and Share Transfer Books will remain closed from 13.06.2026 to 19.06.2026 (both dates inclusive)for the purpose of 34th AGM of the Company.

Manner of registering/updating email address:

a) For Physical shareholders- please provide necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self attested scanned copy of Aadhar Card) by email to Company (investor@italica.com /RTA email id (rnt.helpdesk@linktime.co.in)

b) For Demat shareholders -please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID or NSDL-16 digit DPID + CLID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self attested scanned copy of Aadhar Card) to Company (investor@italica.com /RTA email id (rnt.helpdesk@linktime.co.in)

Remote E-Voting Information:Company is pleased to provide the facility to its members to exercise their right to vote by electronic means on resolutions proposed to be passed at AGM. Members holding shares either in physical form/ dematerialized form as on the cut-off date i.e.Friday, 12 June 2026may cast their vote electronically through remote e-voting of CDSL at www.evotingindia.com on all resolutions as set forth in the notice convening AGM as per Section 108 of Companies Act, 2013, Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of SEBI(LODR), 2015. The voting rights of members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid up equity share capital of the company as on cut off date.

The remote e-voting shall commence from Tuesday, 16.06.2026 at 09:00 a.m. and ends on Thursday, 18.06.2026 at 05.00 p.m. During this period, members may cast their vote electronically as the e-voting module will be disabled by the CDSL thereafter.The instructions for remote e-voting process as well as the e-voting system on the date of the AGM are given in the Notice of AGM. A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial owners maintained by the Depositories as on cut-off date i.e. June 12, 2026 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as e-voting on the date of AGM.Those members, who shall be present in the AGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through e-voting system during AGM. Those members who have cast their votes through remote e-voting prior to the AGM may also attend/participate in the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again. Members are requested to carefully read all the instructions given in notes of AGM Notice and in particular, instructions for joining AGM and casting vote through remote e-voting and e-voting during AGM.

Any person who acquires shares and becomes member of the Company after the Notice has been sent electronically by the Company and holds shares as on Cut-off date; may obtain login id and password by sending request to helpdesk.evotingindi@cdslindia.com However, if he /she is already registered with CDSL for remote e-voting, then he/she can use his/her existing USER ID and password for casting the votes.

In case you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section. All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Manager, (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call toll free no. 1800 2109911.

By order of the Board
For PIL ITALICA LIFESTYLE LIMITED
Sd/-
Rajat Raja Kothari
Company Secretary

Place: Udaipur
Date : 27.05.2026

# कॉकरोच जनता पार्टी क्या सिर्फ एक छलावा मात्र है?

**15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी।**




सत्य कभी-कभी कल्पना से भी कहीं ज्यादा विचित्र होता है। आज से पहले शायद ही कभी किसी ने ऐसा सोचा भी होगा कि एक दौर ऐसा आएगा जब लोगों में अपने आपको कॉकरोच कहने की होड़ लग जाएगी। देश भर में 'मैं भी कॉकरोच' जैसा एक बड़ा अभियान शुरू हो जाएगा। लोग, खासतौर से लाखों युवा 'मैं भी कॉकरोच' जैसे मीम्स और बैनरों के जरिए न केवल अपने आपको कॉकरोच कहने में गर्व महसूस करेंगे बल्कि हैशटैग के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने की भी कोशिश करेंगे।लेकिन ऐसा हुआ और इतनी तेजी से हुआ कि किसी को भी सोचने-समझने का मौका तक नहीं मिला।

15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने जिस शब्दावली और तेवरों के साथ बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच के साथ जोड़ा, उससे देश में एक नया ही तूफान खड़ा हो गया। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दे दी। लेकिन उसके बाद भी विरोध के स्वर बंद नहीं हुए।

देशभर में सरकारी सिस्टम से नाराज लाखों युवा अलग-अलग अंदाज में लगातार अपना गुस्सा तो जाहिर कर ही रहे थे लेकिन देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 11,500 किमी दूर बैठे एक भारतीय युवा अभिजीत दीपके ( जो महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के रहने वाले हैं) के दिमाग में एक आइडिया आया और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तुरंत 'कॉकरोच जनता पार्टी' बना दी। इसके बाद देखते ही देखते भारत के लोकतंत्र में कुछ ऐसा होता हुआ नजर आया , जो इससे पहले किसी ने सोचा तक नहीं होगा। देखते-देखते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फॉलोअर्स की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंचने वाली है। यह दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की कुल संख्या 93 लाख से लगभग ढाई गुणा ज्यादा है। इस बीच पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके भी लगातार चर्चा में रहे। पार्टी के एक्स अकाउंट पर कभी रोक लगाई गई तो कभी वेबसाइट को डाउन करने का आरोप लगाया गया। जैसे ही लोगों ने इस पार्टी के इतिहास-भूगोल को खंगालना शुरू किया, सकते में आए अभिजीत दीपके ने तुरंत सफाई शुरू कर दी। इस बीच उन्होंने पार्टी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज को हैक करने का दावा भी किया और जब यह ठीक हुआ तो विवाद पैदा करने वाले पार्टी के संस्थापक मेघनन्द को उनकी ही पार्टी फॉलो करना बंद कर चुकी थी। मतलब कहीं न कहीं, कुछ तो गड़बड़ है। कुछ तो ऐसा हो रहा है जो फिलहाल सामने से नजर नहीं आ रहा है लेकिन जिसका आभास तो हो ही रहा है। बीजेपी इस पार्टी को विदेशी धरती से चलने वाले विपक्षी दल का टूलकिट बता रही है तो वहीं कई वरिष्ठ पत्रकार और बौद्धिक जमात के लोग इसे बीजेपी की बी टीम के रूप में पेश कर रहे हैं। अभिजीत दीपके की भी कई हरकतें, संदेह पैदा कर रही है। अभिजीत द्वारा एक खास पार्टी के समर्थक माने जाने वाले पत्रकारों को ही इंटरव्यू देना, विवादित व्यक्ति को अनफॉलो कर पहले कुछ खास पत्रकारों को फॉलो करना और फिर उन्हें भी अनफॉलो कर देना। सोचिए जो व्यक्ति शुरुआत से ही इतना ज्यादा सेलेक्टिव हो,उसके पीछे कितनी बड़ी टीम या कितना बड़ा दिमाग काम कर रहा होगा जो भारत के लोकतांत्रिक आंदोलन के मिज़ाज, भारत की मेनस्ट्रीम और नई मीडिया( यूटूबर्स) की आदतों को कितनी अच्छी तरह से समझता है। आंदोलन के जरिए, देश में एक माहौल पैदा करने में बीजेपी और आम आदमी पार्टी दोनों को महारत हासिल है। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी जिसने देश पर सबसे ज्यादा राज किया है और जो वर्तमान में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है वो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन चलाना और इसे लोकप्रिय बनाने के तौर-तरीके भूल चुकी है। यह भी गौर करने वाली बात है कि कॉकरोच जनता पार्टी को चंद बड़े पत्रकार अपने-अपने यूट्यूब चैनल पर जितना स्पेस दे रहे हैं उससे भी कहीं ज्यादा स्पेस मेनस्ट्रीम मीडिया दे रहा है। हाल के वर्षों में ऐसा कब हुआ था, याद करने की कोशिश कीजिए। इस लेख के लेखक ने अरविंद केजरीवाल के आंदोलन को बहुत ही शुरुआत से कवर किया था जिसकी सबसे खास बात यह थी कि प्रेस कांफ्रेंस के लिए आने वाले न्यौते में जिस केजरीवाल का नाम सबसे लास्ट में 'और अरविंद केजरीवाल' लिखा आता था,उस पार्टी में अब सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही बचे रह गए हैं। याद कीजिएगा कि, उस दौर में भी अन्ना-अरविंद के आंदोलन पर सवाल उठाने वाले हर व्यक्ति को करप्ट व्यक्ति के तौर पर ही देखा जाने लगा था और आज भी अगर आप कॉकरोच जनता पार्टी से सवाल पूछते हैं तो एक खास इको-सिस्टम के लोग ( पत्रकार भी) तुरंत सामने आकर आपकी निष्ठा पर सवाल उठाते हुए पूछने लगते हैं कि आखिर कॉकरोच जनता पार्टी से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? लेकिन ऐसा कहने वाले लोग पुरानी कहावत को भूल जाते हैं कि ' दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है'। वैसे भी लोकतंत्र की पहली शर्त तो यही होती है,' सवाल पूछने की आज़ादी' और सवालों से ऊपर कोई भी नहीं हो सकता है। जो भी नेता या संगठन अपने आपको सवालों से ऊपर उठाने की कोशिश करता है,उसका एक ही संदेश निकलता है कि उसकी नियत साफ नहीं है।

यह बात बिल्कुल सही है कि सरकार के कामकाज को लेकर लोगों में खासकर युवाओं में बहुत गुस्सा है। लेकिन यह देश इससे पहले भी ऐसे अनुभवों से गुजर चुका है जब देश के युवाओं के गुस्से का इस्तेमाल कुछ खास लोगों ने अपने-अपने राजनीतिक हित को साधने के लिए किया। ऐसे लोगों ने युवाओं को सुनहरे भविष्य के सपने दिखाए, ऐसे-ऐसे झूठे और लुभावने वादे किए जिन्हें पूरा कर पाना आसान नहीं था। इसलिए इस बार भारत के लोगों खासकर युवाओं को सावधान रहने की जरूरत है। देश में बदलाव लाने का कोई भी अभियान देश की धरती से ही चलना चाहिए और किसी भी तरह के नए व्यक्ति या संगठन पर भरोसा करने से पहले लोगों को आंख बंद करके अपने आप से यह सवाल जरूर पूछना चाहिए कि उस नए संगठन, आंदोलन या व्यक्ति के अभियान से सबसे ज्यादा फायदा किस राजनीतिक दल अथवा नेता को होगा?

**- संतोष कुमार पाठक**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं**
**( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# शायराना उदयपुर परिवार के संगीत प्रति. समारोह में गुंजे संगीत तराने

**मुख्य अतिथि ईराक में भारत के राजदूत डॉ धीरज जोशी ने बताया शायराना को साहित्य संगीत का अदभुद केंद्र, नाथद्वारा की शास्त्रीय गायिका मनस्वी व्यास का रहा मन मोहक प्रभावी गायन**



उदयपुर, (नसं)। शायराना परिवार का संगीत समारोह ऐश्वर्या कॉलेज में आयोजित किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि डॉ धीरज प्रकाश जोशी राजदूत विदेश सेवा भारत सरकार के अधिकारी थे। अध्यक्षता एडिशनल सेल्टेक्स कमिश्नर कविता पाठक ने की , समारोह के विशिष्ट अतिथि भौतिकशास्त्री राजेश भट्ट गजल गायक देवेंद्र हिरण देवस्थान विभाग कमिश्नर गीतेशश्री मालवीया सीनियर अकाउंट ऑफिसर सीमा गीतेशश्री रहे ! संगीत प्रतियोगिता समारोह में उदयपुर सहित राजसमन्द नाथद्वारा चित्तौड़गढ़ डूंगरपुर भीलवाड़ा के संगीत कलाकारों ने भाग लेकर समारोह को बुलंदिया प्रदान की।

कार्यक्रम प्रभारी एवम् गायक ललित गोयल ने बताया शायराना परिवार का समुह पिछले 15 वर्ष से साहित्य और संगीत की सामाजिक सेवा के नि:शुल्क कार्यक्रम निरतंर आयोजित कर साहित्य संगीत की प्रतिभाओ को खुला मंच देकर साहित्य संगीत का सामाजिक बीजारोपण कर रहा है जिसमें राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी जुड़े हुए है। शास्त्रीय गायन,दोहे, छंद, गजल मुर्कियागायन लोकगीत, उम्दा फिल्मी गीत ,सूफ़ी गीत, भजन के साथ अपनी कला को प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया जिसमे बड़ी उत्साह से भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया !

शायराना उदयपुर परिवार के संस्थापक सदस्य एवम् विदेश सेवा के अधिकारी धीरज प्रकाश जोशी ने संगीत प्रतियोगिता समारोह का जजमेंट करते हुए कलाकारों की बेहतरीन कला प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए शायराना उदयपुर परिवार को साहित्य संगीत का सशक्त माध्यम बताते हुए संस्कृति के संस्कारों का वाहक बताया ,धीरज प्रकाश जोशी के अनुसार शायराना परिवार कलाकारों को आगामी राज्य स्तरीय कार्यक्रमो में कला प्रस्तुत करने का एक अवसर देने के साथ ही उनकी कला को अनुभवियो द्वारा ओर निखारा जाएगा जिससे उन्हे कला संस्कृति से गहराई से जुड़ने का आधार मिल सके! साथ ही आगामी दिवस पर म्यूजिकल फेस्टिवल पर प्रदेश की संगीत प्रतिभाओं को अवसर प्रदान होगा साथ ही साहित्य सृजन को प्रकाशित किया जायेगा समारोह में आये सभी सदस्यों का उपर्ना और पगड़ी से स्वागत और अभिनंदन किया गया !

समारोह की प्रस्तुति में नाथद्वारा मंदिर से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की संगीतकार मनस्वी व्यास ने शास्त्रीय गायन में भजनो को प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया , श्रोताओं की मांग पर अनेक भजन और गीत सुनाए गए।इस अवसर पर शायराना उदयपुर परिवार की तरफ से मनस्वी व्यास को प्रतीक चिन्ह तथा उपहार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।आगामी दिनों में मनस्वी व्यास का विराट संगीत कार्यक्रम युवाओं के लिए रखा जाएगा

संगीत प्रतियोगिता समारोह में जज के रूप में स्वयं सांस्कृतिक राजदूत धीरज प्रकाश जोशी, गिरीश व्यास ने भूमिका निभाई।कार्यक्रम में संगीत गायन के उच्च स्तरीय प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायकों को सांत्वना पुरस्कार देने को मजबूर होना पड़ा।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईमरान साबरी दूसरा स्थान नारायण लाल लोहार तीसरा स्थान सीनियर अकाउंट ऑफिसर हेमंत सूर्यवंशी रहे।सांत्वना पुरस्कार शिक्षा अधिकारी इंदु के जैन और उद्योगपति मुकेश शर्मा को दिया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, उपर्णा, प्रमाण पत्र , उपहार तथा शायराना उदयपुर परिवार की नि:शुल्क सदस्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम का प्रभाव शाली संचालन छंद दोहों शेर शायरी मुक्तकों के साथ साहित्यकार आभा सिरसीकर ने करके संगीत समारोह में चार चांद लगा दिए

विशिष्ट अतिथि भौतिकवैज्ञानिक राजेश भट्ट ने समारोह से उत्साहित होकर संगीतमय गायन प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी अध्यक्षता करते हुए एडिशनल कमिश्नर सेल टैक्स कविता पाठक ने शायराना उदयपुर परिवार को संगीत साहित्य के माध्यम से युवा समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम बताया , संगीत सभ्यता संस्कृति का दर्पण है।

अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग गीतेश श्री मालवीया ने संगीत को मानव समाज की आत्मा बताते हुए शायराना उदयपुर परिवार के संगीत नवाचारों के महत्व पर बल लिया।महाराणा भूपाल चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर पवन पारिख, उदयपुर गायक रवि पाठक, गुजरात से आई दिव्यानी शर्मा,ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर उत्पल नरेश सिंह चौहान , अजीत सिंह खींची, शिक्षाविद डॉ हुक्म राज जोशी , अनु जोशी, मंजूर हुसैन, निशित चपलोत, सी पी गंधर्व, गुलज़ार चित्तौड़ गढ़ी, मनस्वी व्यास, विनोद जैन, शमिल शेख, शिक्षाविद् एकता नागदा, राजसमन्द से महेंद्र कुमावत, संतोष अग्रवाल, सोहन लाल लोक गीत, पार्षद मुकेश शर्मा, एस डी कौशल, अतिरिक्त विकास अधिकारी लोकेश वैष्णव, आरएनटी मेडिकल कॉलेज के डॉ सुशील साहू, कमल जुनेजा इंदु के जैन, की संगीत प्रतियोगिता समारोह में प्रस्तुतियां प्रभावशाली रही।

# जेके टायर का नेट प्रॉफिट 83 प्रति. बढ़कर 188 करोड़ रुपये हुआ

उदयपुर : भारत की जानी-मानी टायर बनाने वाली कंपनियों में से एक, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और 31 मार्च 2026 को समाप्त हुए, वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 26 में शानदार प्रदर्शन किया । बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने 200 प्रतिशत यानी 4 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के डिविडेंड की सिफारिश की है, जो जेके टायर के अपने बताए गए मिशन के हिसाब से शेयरहोल्डर वैल्यू को लगातार बढ़ाने के कमिटमेंट को दर्शाता है।

नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा: वित्त वर्ष 26 जेके टायर के लिए एक उपलब्धियों वाला साल रहा है। हमने सभी सेगमेंट में रिकॉर्ड वॉल्यूम दिया, 16,384 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे ज़्यादा सालाना कंसोलिडेटेड रेवेन्यू हासिल किया और 2,089 करोड़ रुपये का एबिटडा (श्वक्चढ्ढञ्जष्ठ)हासिल किया, जो पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत ज़्यादा है। चौथी तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटडा 546 करोड़ रुपये रहा, जिसमें साल-दर-साल 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो ज़्यादा वॉल्यूम, बेहतर प्रोडक्ट मिक्स और लगातार कॉस्ट ऑप्टिमाइज़ेशन की कोशिशों की वजह से हुआ। प्रॉफ़िट आफ़्टर टैक्स (पीएटी) 83 प्रतिशत बढ़कर 188 करोड़ रुपये का हो गया।हमने जीएसटी और पर्सनल टैक्स सुधारों से ज़बरदस्त डिमांड के समर्थन, ब्याज दरों में नरमी, बेहतर इकोनॉमिक एक्टिविटी और त्योहारों के मौसम की वजह से, साल-दर-साल आधार पर रेवेन्यू में 11 प्रतिशत की अच्छी डबल-डिजिट ग्रोथ दर्ज की। हमारा परफॉर्मेंस हमारे ब्रांड्स की ताकत, ऑपरेशनल डिसिप्लिन और वैल्यू-एक्रीटिव ग्रोथ पर मजबूत फोकस को दर्शाता है। चौथी तिमाही के दौरान कंपनी के भारतीय कारोबार ने विकास जारी रखा, जो मज़बूत घरेलू मांग को दर्शाता है। सभी सेगमेंट में सेल्स वॉल्यूम साल-दर-साल 21 प्रतिशत बढ़ा, जिसमें ओई (ह्रश्व) मार्केट में 42 प्रतिशत की शानदार ग्रोथ सबसे ज़्यादा रही। वेस्ट एशिया में चल रहे विवाद सहित जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताओं के बावजूद एक्सपोर्ट मज़बूत बना रहा। कंपनी की सब्सिडियरी, जेके टॉर्नेल, मेक्सिको ने कंसोलिडेटेड फ़ाइनेंशियल में अहम योगदान दिया। डॉ. सिंघानिया ने कहा: हमने कैपेसिटी बढ़ाकर और घरेलू और एक्सपोर्ट दोनों मार्केट के लिए ज़्यादा वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट पर ज़्यादा फ़ोकस करके एक मज़बूत नींव रखी है। यह हमें वित्त वर्ष 27 में प्रॉफ़िटेबल ग्रोथ को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में रखता है, भले ही हम अस्थिर ग्लोबल माहौल के बीच शॉर्ट-टर्म इनपुट कॉस्ट चुनौतियों से निपट रहे हों। जेके टायर को भारत की सबसे सस्टेनेबल कंपनियों में से एक माना गया है, इसे ऑटोमोटिव सेक्टर में टॉप 5 और ऑटो कंपोनेंट्स में टॉप 3 रैंकिंग मिली है। यह ज़िम्मेदार मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस को दिखाता है और इसकी लॉन्ग-टर्म ग्रोथ स्ट्रेटेजी के लिए सस्टेनेबिलिटी को सेंट्रल बनाता है।

# बिजकॉन 2.0 बना बिजनेस जगत का संगम, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने दिए ग्रोथ और नेटवर्किंग के नए अवसर

उदयपुर, (नसं)। बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल (बीसीआई) द्वारा आयोजित प्रीमियम बिजनेस नेटवर्किंग कॉन्क्लेव बिजकॉन 2.0 विंधम ग्रैंड, उदयपुर में भव्यता एवं गरिमामय वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपतियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स एवं युवा उद्यमियों ने भाग लेकर व्यापारिक संभावनाओं, नेटवर्किंग और भविष्य के सहयोग पर सार्थक चर्चा की। आयोजन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बैंकिंग पार्टनर के रूप में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम के दौरान आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ओर से विशेष बैंकिंग डेस्क स्थापित की गई, जहां उपस्थित व्यवसायियों एवं प्रोफेशनल्स को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल बैंकिंग, बिजनेस अकाउंट्स, कॉर्पोरेट बैंकिंग, लोन फैसिलिटीज और विभिन्न फाइनेंशियल सॉल्यूशंस की जानकारी प्रदान की गई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ब्रांच मैनेजर विशाल गुप्ता ने कहा कि बिजकॉन 2.0 जैसे आयोजन व्यापारिक समुदाय




को एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराते हैं, जहां नए विचार, संभावनाएं और साझेदारियां आकार लेती हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में व्यवसायों को केवल बैंकिंग सेवाओं की नहीं, बल्कि ऐसे विश्वसनीय वित्तीय सहयोगियों की आवश्यकता है जो उनके विकास में सहभागी बन सकें। कार्यक्रम में बैंक की ओर से एक विशेष बिजनेस प्रेजेंटेशन भी दिया गई। विशाल गुप्ता ने कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक स्टार्टअप्स, युवा उद्यमियों और बिजनेस कम्युनिटी को बेहतर बैंकिंग अनुभव और मजबूत वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बैंक का उद्देश्य केवल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि व्यवसायों की ग्रोथ जर्नी में मजबूत भागीदार बनना है।

कार्यक्रम में बैंक टीम से करण सिंह, अभिषेक सोनी, दिव्यराज सांखला, भावेश मेघनानी, रितु चावला, हर्षिल जैन एवं हिम्मत सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए उपस्थित अतिथियों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी।